old type quarters of the Minto Road, New Delhi are going to take place shortly inspite of acute shortage of Government accommodation ;

(b) if so, whether Government propose to provide alternative accommodation to those affected by demolition in the same area;

(c) if the answer to part (a) above be in negative, whether Government have any sanction for the necessary extensive repair of those quarters, if not, why ; and

(d) whether Government are aware that large number of quarters in that area are unauthorised occupation and undesirable elements of those quarters are posing security problems besides heavy loss to Government revenue and properties ?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Sanction exists for intensive repairs of the quarters, which need special repairs urgently.

(d) Two type III quarters of Minto Road are under unauthorised occupation, Necessary action under the rules is being taken by the Directorate of Estates for vacation of these quarters.

**"हुडको" द्वारा उपलब्ध कराये गये मकान**

2348. **श्री अशफाक हुसैन :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में "हुडको" की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) समाज के कमजोर वर्गों तथा शहरी क्षेत्रों में निम्न आय के लोगों को सस्ते मकान उपलब्ध कराने में हुडको को कहां तक सफलता मिली है तथा इस सम्बन्ध में भावी कार्यक्रम क्या है ; और

(ग) क्या सरकार का ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न आय वाले लोगों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए सस्ते मकान उपलब्ध कराने के लिए हुडको जैसे पृथक संगठन की स्थापना करने पर विचार है ?

**संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) :** (क) पिछले पांच वर्षों से हुडको के क्रियाकलाप तथा उपलब्धियों के ब्यौरे निम्न प्रकार से हैं :—

वर्ष

| | 1976-77 | 77-78 | 78-79 | 79-80 | 80-81 | प्रतिशत वृद्धि 1976-77 से अधिक 1980-81 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वीकृत ऋण (करोड़ रु० में) | 72.70 | 88.05 | 107.98 | 139.20 | 161.68 | 122.30 |
| दी गई राशि (करोड़ रु० में) | 40 08 | 48.78 | 65.86 | 77.05 | 89.97 | 124.48 |
| ऋण की प्राप्ति (करोड़ रु० में) | 14.98 | 18.09 | 17.75 | 23.93 | 36.42 | 143.12 |
| स्वीकृत रिहायशी एककों की संख्या में | 54197 | 141100 | 99662 | 202884 | 268513 | 395.44 |

हुडको की मुख्य उपलब्धियां निम्न प्रकार हैं :—

(i) 1976-77 से 1980-81 की अवधि के दौरान हुडको की कुल ऋण स्वीकृतियां 1971-72 से 1975-76 तक के दौरान दी गई कुल ऋण स्वीकृतियों की तुलना में 105 प्रतिशत अधिक है।

(ii) हुडको द्वारा 1976-77 से 1980-81 तक के दौरान स्वीकृत कुल रिहायशी एककों की संख्या 1971-72 से 1975-76 तक की अवधि के दौरान स्वीकृत एककों की संख्या की तुलना में 504 प्रतिशत अधिक है।

(iii) 1970-71 से 1975-76 के दौरान आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों के लिए पहले ही स्वीकृत उच्च स्तर की तुलना में इन वर्गों के लिए और अधिक स्वीकृति में वृद्धि करने पर बल दिया गया है।

ब्योरा इस प्रकार हैं :—

| | आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों के लिए स्वीकृत रिहायशी एककों की प्रतिशतता |
|---|---|
| 1970-71 से 1975-76 | 80 प्रतिशत |
| 1976-77 से 1980-81 | 88 प्रतिशत |

(iv) हुडको विशेष रूप से पिछले 4 वर्षों में अपने कार्यों में विविधता लाया है। हुडको द्वारा आरम्भ की गई नई योजनाओं में नगर विकास अनधिवासी बस्ती उन्नयन-अपेक्स सोसायटी योजनाएं निजी निर्माता और ग्रामीण आवास शामिल हैं।

(v) सांस्थानिक वित्त के लिए विलयन क्षमता की दृष्टि से आवास संस्थानों के बनाने के क्षेत्र में हुडको के महत्वपूर्ण अंशदान इस तथ्य से दिखाई देता है कि इसने 1971-72 में अपनी 12 ऋणी अभिकरणों की संख्या को वर्ष 1980-81 के अन्त तक 149 तक बढ़ा दिया है।

(ख) अपनी स्थापना से 31-10-81 तक हुडको ने 973766 रिहायशी एककों के निर्माण की और 63515 रिहायशी प्लाटों के विकास की स्वीकृति दी है। हुडको द्वारा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत रिहायशी एककों के द्वारा वर्ग-वार ब्योरे निम्नलिखित हैं :—

| आय वर्ग | स्वीकृत रिहायशी एकक | |
|---|---|---|
| | शहरी | ग्रामीण |
| आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग | 271515 | 407043 |
| निम्न आय वर्ग | 171756 | — |
| मध्यम आय वर्ग | 103466 | — |
| अन्य | 20186 | — |
| योग | 566923 | 407043 |

उपर्युक्त में से 850314 रिहायशी एकक उन आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों के लिए है जिनकी मासिक आय 600 रुपये से अधिक नहीं है। हुडको के भावी कार्यों के सम्बन्ध में प्रक्षेपण निम्नलिखित हैं :–

| वर्ष | संभावित ऋण स्वीकृति के अस्थाई अनुमान (करोड़ रुपयों में) |
|---|---|
| 1980-81 (वास्तविक) | 161.68 |
| 1981-82 (लक्ष्य) | 190.00 |
| 1982-83 (अस्थाई) | 220.00 |
| 1983-84 (अस्थाई) | 235.00 |
| 1984-85 (अस्थाई) | 250.00 |

हुडको पूंजीनिवेश का 55 प्रतिशत आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए है।

(ग) जी, नहीं।